हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

शुक्रवार, 10 जनवरी 2020, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण

www.livehindustan.com


PAGE NO : 5 MIDDLE

# छात्रों ने बनाया मृदा परीक्षण का प्रोजेक्ट





**बरेली।** एसआरएमएस के दो इंजीनियरिंग छात्रों का चयन एआईसीटीई के विश्वकर्मा अवार्ड के प्रथम चरण के लिए हुआ है। कंप्यूटर साइंस फाइनल ईयर के अंकुर द्विवेदी और असनद जमान खान के प्रोजेक्ट का चयन किया गया है। एआईसीटीई ने दस जनवरी को कानपुर के केआईटी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रोजक्ट प्रस्तुत करने के लिए बुलाया है। छात्रों का प्रोजेक्ट भूमि की मृदा परीक्षण को सरल और सुगम बनाते हुए कृषकों की आय बढ़ाने में लाभदायक है। इस प्रोजेक्ट के तहत भोजीपुरा ब्लाक के तीन गांवों अभयपुर, पहलादपुर की भूमि के मृदा परीक्षण में उपयोग किया गया।